हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 1 अप्रैल 2025

04 हिउस की भव्य भजन संध्या में स्थानीय कलाकारों...

06 प्रवेशोत्सवः बच्चों का तिलक लगाकर...

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

खबर संक्षेप

मंत्री पटेल का दौरा आज

विदिशा। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल 2 अप्रैल

को विदिशा जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वह सुबह 9 बजे भोपाल से प्रस्थान कर 10:30 बजे शमशाबाद सर्किट हाउस पहुंचेंगे। इसके बाद 10:45 बजे पिपलधार के लिए रवाना होकर 11 बजे 'शाला में पहला कदम' अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 12:30 बजे पिपलधार से नटेरन के लिए रवाना होंगे और 1 बजे नटेरन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के कार्यालय का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेने के उपरांत दोपहर 3 बजे भोपाल के लिए रवाना होंगे।

शाला में पहला कदम अभियान आज से शुरू

विदिशा। जिले में आज से शाला में पहला कदम अभियान शुरू होने जा रहा है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने निर्देश दिए हैं कि अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं हो। शासन से मिले निर्देशों का पालन होना चाहिए। डीपीसी आरपी लखेर ने बताया कि स्कूलों में प्रवेशोत्सव को शाला में पहला कदम अभियान के रूप में क्रियान्वित किया जा रहा है। जिले के सभी शासकीय स्कूलों में दाखिला लेने वाले सभी 10 हजार 32 बच्चों के लिए किट प्रदाय की व्यवस्था पहले ही की जा चुकी है।

शैक्षणिक समस्याओं हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

विदिशा। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने विदिशा जिले में स्कूल चले हम अभियान के साथ साथ अन्य शैक्षणिक समस्याओं के निराकरण के लिए जिला मुख्यालय पर एक कंट्रोल रूम गठित कराया गया है। संयुक्त कलेक्टर शशि मिश्रा ने बताया कि कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 225 में संचालित कंट्रोल रूम का मोबाइल नंबर 7400507766 है। उक्त नम्बर पर सीधे चर्चा कर अथवा व्हाट्सएप पर संदेश भेजकर समस्या संबंधी जानकारी दे सकते हैं। जानकारियां दर्ज करने के लिए शिक्षा विभाग के कर्मचारी को दो शिफ्टों में तैनात रहेंगे।

विदिशा के मनोज व्यास उज्जैन में सम्मानित

विदिशा। महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ संस्कृति विभाग मप्र के तत्वाधान में विक्रम विश्वविद्यालय

उज्जैन में आयोजित विक्रमोत्सव 2025 के अन्तर्गत आयोजित विश्व ज्योतिष दिवस के अवसर पर देश के प्रख्यात पंचांगकारों एवं दैवज्ञों को विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विदिशा के शिवपंचांगम के संपादक पं. मनोज व्यास,उज्जैन के अवंतिका पंचांग के संपादक महामंडलेश मदन व्यास,ग्वालियर के प्रसिद्ध खगोलविद पं. शशिकांत मिश्र डा श्याम सुंदर चतुर्वेदी सागर, डा एचएस रावत को आर्यभट्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्य

विदिशा। विदिशा जिले के लटेरी ब्लॉक अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यों का संपादन जनसहभागिता से हुआ है। जन अभियान परिषद लटेरी द्वारा छोटी मदन की बावड़ी कुंड में श्रमदान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनियों के साथ साथ ग्रामीणजनों एवं जन अभियान की टीम के सहयोग से अभियान को व्यापक रूप से गति दी जा रही है।

नपा की दुकानों को किराए से देना अवैध, खाली नहीं करा पा रही नपा

नपा की दुकानों में अवैध तरीके से चल रहा शराब का ठेका, नपा आज करेगी तालाबंदी

बाल विहार स्थित नपा की दुकानों को शराब ठेकेदार को किराए पर देने वाले अनुबंधकर्ता को नपा सीएमओ ने अंतिम चेतावनी पत्र जारी किया है। आज से नया ठेकेदार इन्ही दुकानों में शराब का ठेका संचालित करेगा। इधर नपा ने इन दुकानों में तालाबंदी की तैयारी कर ली है। आज नपा का अमला इन दुकानों में तालाबंदी करेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पुराना बसस्टैंड स्थित नपा की दुकान नंबर 12 और 13 आशीष राय पुत्र वीरेंद्र राय के नाम पर आवंटित हैं।

नपा के स्वामित्व की इन दुकानों को अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करते हुए अवैध तरीके से शराब ठेकेदार को किराए पर देकर मौटा किराया लिया जा रहा है। ऐसा सालों से हो रहा है, इसके बाद भी नपा इन दुकानों को खाली नहीं करा सकी और अनुबंधकर्ता बैठे बिठाए नपा की दुकानों का लाखों रुपये किराया वसूल रहा है।

अनुबंध की शर्तों के मुताबिक नपा की दुकानें उप किराएदारी पर नहीं दी जा सकतीं। नगरपालिका सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर ने शराब ठेके पर अंतिम सूचना पत्र चस्पा कराई है। जिसमें अनुबंधकर्ता को 24 घंटे के भीतर अपना पक्ष लिखित रूप से प्रस्तुत करने के लिए कहा गया था। लेकिन अनुबंधकर्ता ने अपना पक्ष नहीं रखा। न ही दुकानों को उप किराएदार से मुक्त कराकर दुकानों का अधिपत्य नगरपालिका को सौंपा। सीएमओ ने अंतिम सूचना पत्र में दुकान निरस्त करने की चेतावनी भी दी। तब भी अनुबंधकर्ता के कान पर जूं नहीं रैंगी। हालांकि नोटिसों का यह खेल पूर्व नपाध्यक्ष के कार्यकाल से चल रहा है, लेकिन नपा दुकानें खाली नहीं करा पाईं। नवंबर 2023 में विवाद के दौरान यह कहा गया था कि मार्च के महीने में नपा इन दुकानों को तोड़कर शॉपिंग मॉल बनाएगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ और अनुबंधकर्ता शराब ठेकेदार से मोटा किराया वसूल कर कमाई करता रहा। यह दुकानें अनुबंधकर्ता के लिए कमाई का जरिया बन चुकी हैं और बैठे बिठाए नपा की इन दुकानों से अच्छा खासा किराया शराब ठेकेदार से लिया जा रहा है। आज से फिर नया ठेकेदार नपा की इन्ही दुकानों में शराब का ठेका संचालित करेगा।

विदिशा। बाल विहार के पीछे अवैध तरीके से नगरपालिका की दुकानों में संचालित हो रहा शराब का ठेका।

22 मार्च को कलेक्टर से मिले थे कई पार्षदः रहवासी क्षेत्रों में शराब दुकानें हटाने की मांग को लेकर 22 मार्च को खुद नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा पार्षद प्रतिनिधियों के साथ कलेक्टर से मिले थे और बरइंपुरा-जतरापुरा रोड की शराब दुकान को हटाने की मांग की थी। पार्षदों ने 31 मार्च से पहले इस दुकान को स्थानांतरित करने की मांग की थी। वहीं पूरनपुरा रोड़ की दुकान हटाने भी वन विभाग के कर्मचारी कलेक्टर को ज्ञापन दे चुके हैं।

जनप्रतिनिधि भी कर चुके हैं दुकान खाली कराने की मांग

नपा में नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने करीब 3 माह पहले सीएमओ को ज्ञापन देकर नपा की दुकानों में संचालित शराब दुकान को खाली कराने की मांग की थी। जिसके बाद सीएमओ ने नोटिस चस्पा कराए। क्योंकि यह दुकानें नियम विरुद्ध किराए पर दी गई हैं। नगरपालिका के नियमों का सरासर उल्लंघन होने के बाद भी आज तक दुकानें खाली नहीं कराई जा सकीं।

तालाबंदी आज

अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करते हुए नगरपालिका की दुकानें किराए पर देने वाले अनुबंधकर्ता को कई नोटिस जारी किए गए। अंतिम सूचनापत्र भी जारी कर दिया गया है, लेकिन अनुबंधकर्ता ने कोई जवाब नहीं दिया। नपा के अमले को ले जाकर आज ही इन दुकानों में तालाबंदी की कार्रवाई की जाएगी। - **दुर्गेश सिंह ठाकुर,** सीएमओ नगरपालिका विदिशा।

352 करोड़ से अधिक की राशि में नीलामी हुई जिले की सभी 74 शराब दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले की 74 शराब दुकानें नीलाम करने की प्रक्रिया आबकारी विभाग ने पूरी कर ली है। 7 चरणों में हुई इस प्रक्रिया में 18.6 प्रतिशत वृद्धि के साथ 352 करोड़ से अधिक की राशि में जिलेभर के ठेके नीलाम हुए। विदिशा की 12 शराब दुकानों में से सिविल लाइन क्षेत्र की 6 शराब दुकानें पुराने ठेकेदार उज्जैन के रिद्धि ट्रेडर्स को मिल गई हैं। वहीं पुराने शहर की 6 शराब दुकानें सोनू राजपूत को आवंटित की गई हैं।

आबकारी विभाग ने मिली जानकारी के अनुसार पीतलमिल चौराह, अहमदपुर चौराह, बायपास, कुआखेड़ी, हांसुआ, पूरनपुरा की शराब दुकानें पुराने ठेकेदार रिद्धि ट्रेडर्स के पास रहेगी। वहीं माधवगंज, बस स्टैंड, सुभाष वार्ड, ढोलखेड़ी, करारिया, ईदगाह की शराब दुकानें सोनू राजपूत की रहेंगी।

पूरनपुरा कलारी के पीछे से 7 पेटी अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 7 पेटी देसी शराब बरामद हुई है, जब्त शराब की कीमत लगभग 32 हजार आंकी गई है।

मुखबिर की सूचना, तस्कर रंगेहाथ गिरफ्तार

थाना प्रभारी विमलेश कुमार राय को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पूरनपुरा कलारी के पीछे मैदान में एक व्यक्ति अवैध शराब की तस्करी कर रहा है। इस पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी प्रियांश आशु श्रीवास (22), निवासी आरएमपी नगर फेस-1 को गिरफ्तार कर लिया।

57.6 लीटर अवैध शराब बरामद हुई

आरोपी के पास से दो प्लास्टिक की बोरियों में 7 पेटी अवैध देसी शराब जब्त की गई, जिसकी कुल मात्रा 57.6 बल्क लीटर और अनुमानित कीमत 32 हजार रुपए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है कि वह शराब कहां से लाता था और आगे किसे सप्लाई करता था।

मानसरोवर तालाब से जल गंगा अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

ग्यारसपुर के ऐतिहासिक मानसरोवर तालाब में ग्राम पंचायत ग्यारसपुर के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण हेतु अभियान की शुरुआत हुई।

इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी , स्वयं सहायता समूह की महिलाएं,मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के वालंटियर एवं जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारीयों की मौजूदगी में विधि विधान से पूजा अर्चना कर अभियान का शुभारंभ किया। जिसमें मानसरोवर तालाब से जलकुंभीयां बाहर निकली गई। सरकार की ऐसी मनसा है ग्राम पंचायत स्तर पर छोटी बड़ी जल संरचनाओं को जीवंत बनाए रखने के लिए और भूजल स्तर में सुधार करने के लिए ग्रामीण स्तर पर पानी की बूंद बूंद बचाए रखने के लिए चल गंगा संवर्धन अभियान चलाकर जल संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन जल स्त्रोतों का पुनजीर्वित और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है । जनपद सीईओ जितेंद्र जैन ने बताया कीमध्य प्रदेश सरकार के द्वारा प्रदेशव्यापी अभियान खास तौर से गर्मी के मौसम में 30 जून तक यानी 90 दिन से अधिक समय तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा ग्यारसपुर की सभी ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के कार्य किए जाएंगे। ग्यारसपुर एक प्राचीन नगर रहा है यहां पर अनेक प्राचीन जल संरचनाएं हैं।

विदिशा। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों की सहयोग से चल रहा अभियान।

किन्नरों और अनधिकृत वेंडरों पर रोक लगाने ग्राहक पंचायत ने स्टेशन मास्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सोमवार को ग्राहक पंचायत ने रेल मंत्री और मंडल रेल प्रबंधक के नाम ज्ञापन देकर ट्रेनों में अवैध रूप से यात्रियों से वसूली करने वाले किन्नरों और अनधिकृत वेंडरों की गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की है। कुछ दिन पहले विदिशा के एक युवक को कुछ किन्नरों ने ट्रेन से धक्का दिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी। ग्राहक पंचायत के प्रतिनिधि विनोद शाह ने कहा कि रेलवे स्टेशनों और चलती ट्रेनों में असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाना जरूरी है। उन्होंने रेलवे पुलिस और रेल सुरक्षा बल को सक्रिय होने का आग्रह किया। ज्ञापन में हर ट्रेन में रेल सुरक्षा बल की तैनाती की मांग भी प्रमुख है।

विदिशा। ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम करने स्टेशन पहुंचकर दिया ज्ञापन।

हनुमान जयंती पर राम नाम लिखी सवा लाख पर्चियों से होगा रंगई वाले दादाजी मंदिर में श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

हनुमान जयंती पर इस बार रंगई वाले हनुमान मंदिर में राम नाम लिखीं सवा लाख पर्चियों से श्रृंगार किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां तेजी से चल रही हैं वहीं मंदिर की साफ सफाई भी शुरू हो गई है। मंदिर समिति के सूरज बना, तरुण भार्गव, मनीष तिवारी, गौरव, कृष्णा, अजीत, करण, कपिल, सारांश, अंशुल, भाव्य, अनिकेत, ऋषि ने बताया कि हर साल अलग-अलग साज-सज्जा होती है। पिछले वर्ष नोटों से श्रृंगार किया गया था, इस वर्ष सवा लाख राम नाम की पर्चियों से साज-सज्जा की जाएगी। पर्चियां बनाने में नगर की माता-बहनें सहयोग कर रही हैं। यह विशेष झांकी भक्तों को न केवल दिव्य अनुभूति देगी, बल्कि भक्ति और श्रद्धा का अद्वितीय संगम भी प्रस्तुत करेगी। भक्तजन इस पवित्र कार्य में सहभागी बन रहे हैं। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लें।

विधायक मुकेश टंडन पहुंचे ईदगाह, दी ईद की बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

ईद उल फितर पर विवेकानंद चौराह स्थित ईदगाह में शहर काजी सैयद अली ने मुख्य नमाज अदा कराई। शहर की अन्य मस्जिदों में भी अलग-अलग समय पर नमाज अदा की गई।

विवेकानंद चौराहे स्थित ईदगाह पर विधायक मुकेश टंडन पहुंचे। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। वहीं पूर्व विधायक शशांक भार्गव, आनंदप्रताप सिंह, सुभाष बोहत सहित कई अधिकारियों ने मुस्लिम समाज को ईद की मुबारकबाद दी। शहर काजी ने कहा कि विदिशा हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल है।

उन्होंने बताया कि यहां सभी लोग मिलजुल कर अपने त्योहार मनाते हैं। बड़ी संख्या में अन्य समाज के लोगों ने भी मुस्लिम समाज को ईद की शुभकामनाएं दीं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने बताया कि नवरात्रि के साथ-साथ ईद के मौके पर पूरे शहर और जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

रामनवमीं की तैयारी जोरों पर, शोभायात्रा में शामिल होने गांव गांव दे रहे आमंत्रण

रामजन्मोत्सव की शोभायात्रा को भव्य और ऐतिहासिक बनाने 40 गांवों में पहुंच चुके जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

6 अप्रैल को प्रभूश्रीराम का प्रकटोत्सव रामनवमीं पर्व है। जिसकी शोभायात्रा विदिशा में शाम 4 बजे रघुवंशी धर्मशाला से निकलेगी। जिसकी तैयारियां रघुवंशी समाज जोरों से कर रहा है।

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी युवा संगठन सहित हिंदू संगठनों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क कर शोभायात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रण दे रहे हैं। जनसंपर्क के तीसरे दिन सोमवार को जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी ने सांकलखेड़ा खुर्द, कोठीचार कलां, चितौरिया, सांकलखेड़ा कलां, दीताखेड़ी, अमऊखेड़ी, कोलिंजा, परसौरा, अड़िया, हिनोतिया, दासखजूरी, नटेरन, मूडरा, कनारी सहित अनेक ग्रामों में जनसंपर्क किया। पोस्टर कैलेंडर एवं पीले चावल भेंट कर चल समारोह में शामिल होने का आह्वान किया। कैलाश रघुवंशी अभी तक 40 गांवों में जनसंपर्क कर चुके हैं।

विदिशा। गांवों में जनसंपर्क कर शोभायात्रा में शामिल होने दे रहे पीले चावल।

सोशल मीडिया के माध्यम से भी अपील

जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी ने बताया की प्रभु श्री राम की कृपा से श्रीराम प्रकटोत्सव की शोभायात्रा को लेकर लगातार 3 दिन से संपर्क जारी है। उन्होंने कहा कि यह सबका काम है, राम काज में जिस तक नहीं पहुंच पा रहे वहां तक हमारी खबरें एवं सोशल मीडिया के माध्यम से शोभायात्रा की जानकारी पहुंच रही है। सभी राम के भक्तों से शोभायात्रा में शामिल होने की अपील कर रहे हैं।

वन विभाग के अफसरों ने बैठक कर ग्रामीणों को जागरुक किया

विदिशा। मप्र सरकार का संकल्प जल गंगा संवर्धन अभियान के उपलक्ष में वन चौकी लखूली वन परिक्षेत्र विदिशा वृत पुरा द्वितीय में जन जागरूकता की बैठक का आयोजन किया गया। वन मंडल अधिकारी हेमंत यादव एवं पिंकी रघुवंशी वन परिक्षेत्र अधिकारी के निर्देशन में बैठक आयोजित की गई। जनप्रतिनिधि अरविन्द गोस्वामी सरपंच ग्राम पंचायत लखूली एवं वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वृत पुरा प्रथम और द्वितीय का स्टाफ उपस्थित रहा साथ ग्राम वन समिति लखूली, दरगवा, शाहपुरा, भैरोंपुर बंडवा, खामखेड़ा बैहटा के अध्यक्ष उपाध्यक्ष समिति सदस्य महिला पुरुष शामिल रहे। बैठक में डीएफओ जल गंगा संवर्धन अभियान की बैठक के अंतर्गत उपस्थित लोगों को जल संरक्षण के महत्व, पर्यावरण जंगल सुरक्षा, एवं जल के प्राकृतिक एवं कृत्रिम संसाधनों को संरक्षित करने के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया।

खबर संक्षेप

नेत्र शिविर आज

गंजबासौदा। मंगलवार 1 अप्रैल को मिल रोड स्थित विजन सेंटर पर सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर लटेरी द्वारा विशाल मोतियाबिंद निवारण शिविर का आयोजन स्वर्गीय श्री नारायण सदा शिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से प्राप्त 10:00 बजे से दोपहर के 2:00 बजे तक किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी वरिष्ठ समाज सेवी एवं शिविर सहयोगी सुनील बाबू एवं डॉक्टर राजकरण वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को ट्रस्ट द्वारा विजन सेंटर पर शिविर का आयोजन किया जाता है। मोतियाबिंद से चिन्हित रोगियों को आनंदपुर बस द्वारा भेजा जाता है। जहां पर उनके ठहरने रोकने एवं खाने-पीने की व्यवस्था एवं ऑपरेशन की व्यवस्था निशुल्क की जाती है। उन्होंन नगर के समस्त पत्रकारों से अनुरोध किया है कि वे शिविर में आकर अपने नेत्रों रोग से छुटकारा पाएं। वहीं समाजसेवी डॉक्टर एके जैन गणेश राम रघुवंशी महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, दिलीप देसाई एवं विजय अरोड़ा ने भी लोगों से अनुरोध किया है कि वह अपने नेत्रों की जांच करवाने अवश्य आए। नेत्र नेत्र रोगी अपना आधार कार्ड एवं पहचान पत्र साथ में अवश्य लाएं।

महाराष्ट्रीय परिवारों ने मनाया गुड़ी पड़वा पर्व



गंजबासौदा। गुड़ी पड़वा को ब्रह्माजी ने सृष्टि का संचालन किया है। इस दिन को नव वर्ष भी मनाया जाता है जिसमें लगभग सभी समाज के लोगो द्वारा मनाया जाता है। महाराष्ट्रीयन समाज में इस पर्व को बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है, जिसमें बांस को साड़ी पहना कर उस पर लोटा रख कर माला पहनाकर तिलक लगाकर उन्हें फूलों से सजाया जाता है और समाज की महिलाओं को आमंत्रित किया जा कर उन्हें हल्दी कुमकुम लगाकर पूजन कर माला पहनाकर विभिन्न प्रकार के भोग लगाकर गुड़ी पड़वा की हादिक बधाई दी जाती हैं। गुड़ी पड़वा को हिदू पंचाग के अनुसार नव वर्ष एवम चैत्र नवरात्रि महोत्सव का प्रारंभ भी होता है। मराठी परिवार के सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि इस अवसर पर सभी समाज के लोग उपस्थित होकर अपने अपने घर में गुड़ी की पूजा करते हैं।

हिंदु उत्सव समिति ने पहली बार किया गुड़ी पड़वा का आयोजन

हिउस की भव्य भजन संध्या में स्थानीय कलाकारों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

बासौदा श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में भव्य भजन संध्या का आयोजन शहनाई गार्डन में हुआ। भजन संध्या का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। श्री राम दरबार , मां शीतला की पूजा अर्चना कर ,गणेश वंदना और देवी जी की आरती की गई। नव वर्ष का आतिशबाजी से स्वागत किया गया। जिसके बाद करीब 21 स्थानीय कलाकारों ने एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी एवं नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी थे। बासौदा श्री हिंदू उत्सव समिति के सभी संरक्षक पंडित केशव शास्त्री, धर्मपाल शर्मा , बालकृष्ण अरोड़ा ,वीके शर्मा, जयेश शाह ,अध्यक्ष राजेश तिवारी, आकाश महेश्वरी सचिव एवं समिति के सभी पदाधिकारी गण द्वारा पूजा अर्चना की गई। गणेश वंदना लीलाधर ने एवं देवी जी की आरती लखन शर्मा एवं उनके कलाकारों ने प्रस्तुत की। तत्पश्चात प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा भजन गायन हुआ। शरद शर्मा , राजेश नायक गड़ायला , संदीप तिवारी ,लखन महाराज , डॉ अमृता करुणेश्वरी , ब्रजराज अग्रवाल, मयंक भार्गव , शुभांशु झा , महेन्द्र राजपूत , महेन्द्र भार्गव, लीलाधर शर्मा , राहुल शुक्ला , चंद्रकांता , सूर्यप्रकाश श्रीवास्तव , पं. नरेश राज वैरागी , संजय शर्मा,नवीन व्यास, सीताराम विश्वकर्मा, प्राशी विश्वकर्मा , संजय मिश्रा द्वारा भजन गायन हुआ। जिसकी समस्त जन समूह ने बहुत सराहना की और भजनों का आनंद लिया। विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने कहा कि मैं इसके संस्थापक सदस्यों में से हूं और तभी से गुड़ी पड़वा आयोजन के बारे में चर्चा चल रही थी, इस वर्ष यह कार्यक्रम देखकर में अभिभूत हो गया और समिति को और अध्यक्ष राजेश तिवारी को मैं बहुत बधाई देता हूं।

पंडित केशव शास्त्री ने नववर्ष और गुड़ी पड़वा का महत्व बताते हुए इस भजन संध्या के सफलता की लिए सभी समिति के कार्यकर्ताओं को बधाई दी और कहा कि भव्य भजन गायक कलाकारों को एक साथ मंच पर पहली बार देख रहा हूं, मेरी बहुत शुभकामनाएं। जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी ने कहा हम दो चार कलाकारों को जानते थे, इतने सारे कलाकारों को एक साथ मंच पर देखकर आनंद हुआ।

कलाकारों से परिचित कराने के लिए समिति को धन्यवाद। नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा नववर्ष हमारे हिंदू संस्कृति परंपरा और आने वाली पीढ़ियों के लिए संस्कार देने वाली है। हम वर्ष प्रतिपदा को नए उत्साह से उमंग से बच्चों को संस्कार मिलते हैं। समिति को हमारी बहुत शुभकामनाएं। गायत्री रघुवंशी ने कहा इतनी सारी प्रतिभाएं हमारे शहर में है यह हमें पहली बार मालूम पड़ा। भजन गायन के पश्चात सभी गायक कलाकारों को प्रशस्ति पत्र और मां शीतला माता का चित्र देकर सम्मानित किया गया। आभार श्री सुमित मिश्रा संयोजक ने व्यक्त किया और कार्यक्रम का संचालन अभय शर्मा सांस्कृतिक सचिव ने किया। सभी अतिथियों का स्वागत आकाश महेश्वरी सचिव एवं सभी कार्यकर्ताओं ने किया। गायक कलाकारों ने कार्यक्रम के सफल और सार्थक होने की अनुभूति के बाद समिति के अध्यक्ष राजेश तिवारी का सम्मान किया।

होली मिलन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

होटल पुखराज में गत दिवस होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम संतोष शर्मा एवं आकाश शर्मा द्वारा रखा गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा ने कहा कि होली मिलन समारोह में सभी समाज को नई दिशा मिलेगी और सभी लोग मिलकर भाई चारे को कायम रखना चाहते हैं। गोविंद देवलिया ने कहा कि इस अवसर पर सभी लोगों को मिलकर इस परंपरा को जीवित रखना चाहिए। कार्यक्रम में शामिल विकास शर्मा, राजेश माहेश्वरी, पं केशव प्रसाद शास्त्री,पकज एलिया, सत्यप्रकाश सेन , सोदान सिंह यादव, राधेश्याम तिवारी ने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन सुनील बाबू पिंगले ने किया । कार्यक्रम में कृष्ण मोहन शर्मा, अमित दुबे, नितिन दुबे, ताराचंद , राजकुमार सेन, प्रकाश मिश्रा ,रवि तिवारी ,लखन लोधी सहित सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाओं का आदान प्रदान किया। इस अवसर पर प्रताप भानु शर्मा, इतिहासकार गोविंद देवलिया एवम जिनेश जैन टिंगी का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों का आभार बीडी शर्मा ने व्यक्त किया।

एशिका तिवारी का सुयश

गंजबासौदा। बरेठ के एक निजी स्कूल की छात्रा एशिका तिवारी पिता नीलेश तिवारी निवासी ग्राम ठर्रका ने कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा में 89.33%अंक अर्जित कर अपने ग्राम व परिवार का नाम रोशन किया है। बेटी की इस उपलब्धि पर सभी ने बधाई और शुभ कामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

अन्न जल का अपव्यय रोकने का दिया संदेश

गंजबासौदा। गत दिवस भारतीय जैन मिलन का 26 वां क्षेत्रीय वार्षिक अधिवेशन भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 12 के आतिथ्य में महावीर बिहार में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में अन्न जल का अपव्यय रोकने का समाज के लिए एक बहुत ही सुंदर संदेश बैनर के माध्यम से दिया गया एवं बचे हुए भोजन का सदुपयोग कैसे करें, यह भी बताया गया।
अधिवेशन में महिला जैन मिलन त्रिमूर्ति की अध्यक्ष वीरांगना मोना जैन, अति वीर पुनीत जैन को अधिवेशन के स्वागत अध्यक्ष एवं किट प्रदाता का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वीरांगना मोना जैन को वीरांगना ऑफ़ द ईयर का अवार्ड प्राप्त हुआ। इसी क्रम में सर्वश्रेष्ठ शाखा, सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष, सर्वश्रेष्ठ मंत्री, केंद्रीय शुल्क, प्रथम सुंदर वेशभूषा का अवार्ड एवं मेहंदी प्रतियोगिता के तीन पुरस्कार महिला जैन मिलन त्रिमूर्ति को प्राप्त हुए। सभी वीरांगनाओं की मेहनत एवं उपस्थिति से हम इस अधिवेशन को भव्य एवं सफल आयोजित कर पाए।

मोडिफाइड साइलेंसर किया जब्त

गंजबासौदा। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ0 प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी मनोज कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शहर निरीक्षक योगेन्द्र सिंह परमार द्वारा नगर बासौदा में तेज आवाज वाले साइलेंसर (मॉडिफाई साइलेंसर) के द्वारा ध्वनि प्रदूषण करने वाली मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 40 एमक्यू 9828 के चालक को पड़कर जुर्माना किया गया। साथ ही ध्वनि प्रदूषण करने वाला 1 साइलेंसर को वाहन से निकलवा कर जब्त किया गया एवं सामान्य साइलेंसर लगवाया।

चैती चांद पर निकली भगवान झूलेलाल की भव्य रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

चैत्री चंद्र के पावन अवसर पर भगवान झूलेलाल की पावन जयंती अवतरण दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में प्रातः 8 बजे विशाल वाहन रैली निकाली गई जो मुख्य मार्गों पलौड पेट्रोल पंप, राजेंद्र नगर, सिरोंज चौराहा, सावरकर चौक , बरेठ रोड, बाईपास से होते हुए मील रोड से वापसी सिंधी कॉलोनी पहुंची।

तत्पश्चाप प्रातः 10:30 बजे भगवान झूलेलाल की जयंती के पावन अवसर पर शोभा यात्रा निकाली गई जो त्योंदा रोड ,सिंधी कॉलोनी से निकल कर जय स्तंभ चौक, नेहरू चौक से होती हुई मिल रोड से वापस सिंधी कॉलोनी मंदिर पर पहुंची। इस दौरान दो नवयुवक घोड़े पर बैठकर धर्म ध्वजा लेकर चल रहे थे। एक व्यक्ति को भगवान श्री झूलेलाल की वेशभूषा पहना कर बग्गी पर बिठाया गया था। पूरे रास्ते भर भगवान झूलेलाल के भजन चल रहै थे महिला पुरुष एवं

नौजवान सभी नाचते गाते जय घोष करते हुए चल रहे थे। एक ट्रैक्टर ट्राली में भगवान झूलेलाल के चित्र के समक्ष ज्योत जल रही थी एवं कई घरों से बहराणा साहब बनाकर उनकी पूजन अर्चन कर ट्रैक्टर ट्राली में विराजमान किए गए थे। रास्ते में कई लोगों के द्वारा उनकी आरती भी उतारी गई। दोपहर 11:30 बजे से सिंधी कॉलोनी मंदिर में भजन कीर्तन आरंभ हुए जो 1:00 बजे तक चलते रहे। तत्पश्चात आरती कर सुख शांति के लिए पल्लव पाया गया एवं भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें पूरी संगत ने भंडारा चखा। इस अवसर पर विधायक हरि सिंह रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, वरिष्ठ पत्रकार यशपाल यादव, ओमप्रकाश चौरसिया आदि का सम्मान भी किया गया।

हर्षोल्लास के साथ इलाके भर में मनाई गई ईद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

इलाके भर में ईद उल फितर बड़े ही हर्षल्लास के साथ मनाई गई। रमजान के पवित्र महीने कि इबादतो औद रोजो के बाद मुस्लिम समाज ने ईद का पर्व बडे उत्साह और खुशी के साथ मनाया शहर की प्रमुख मस्जिदो एवं ईदगाह पर ईद कि नमाज अता की गई। सबसे अधिक भीड ईदगाह में रही जहा पर सबसे पहले सुबह 7:30 पर समाज के हजारो लोग नमाज में शामिल हुऐ। इसके बाद नुरानी मस्जिद पर सुबह 8 बजे, मकबरे वाली मस्जिद पर 8:15 पर नमाज अता की गई। सभी जगह नमाज के बाद गले मिलकार मुबारकबाद एवं बधाईया दी गई। ईद का पर्व न सिर्फ खुशीयो का त्यौहार है बल्कि एकता भाईचारे और नेकी का भी संदेश देता है। नमाज के बाद सभी लोगो ने देश में अमन चेन और खुशहाली के लिऐ एवं अच्छे अमल जारी रखने के लिये दुआ की। मुस्लिम समाज की ओर से हाजी मो. हनीफ फजलानी ने बताया ईद को लेकर ईदगाह पर सभी तैयारिया पूर्ण कर ली गई थी। साथ ही प्रशासनिक व्यवस्थाये भी दुरस्त की गई थीं। उन्होने सहयोग के लिए प्रशासनिक अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियो का आभार व्यक्त किया।

पिछले 40 वर्ष से नागरिक सेवा समिति कर रही है रेलवे स्टेशन पर जलसेवा

जलसेवा व भोजनालय सेवा का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गुड़ी पड़वा के पावन पर्व से रेलवे स्टेशन पर निरंतर जल सेवा का कार्य एवं भोजनालय पर भोजन सेवा का कार्य निरंतर चल रहा है। इसी तारतम्य में नव संवत्सर गुड़ी पड़वा नवसंवत्सर प्रतिपदा के पावन पर्व पर 41 वे वर्ष की जल सेवा एवं भोजनालय सेवा का शुभारंभ नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह की अध्यक्षता, श्वेतांबर समाज के अध्यक्ष डॉ विमल चंद्र ओसवाल के मुख्य आतिथ्य में एवं सत्यपाल तनवानी, शांतिलाल शाह , पूर्व शिक्षक राधेश्याम साहू के विशेष आथित्य में किया गया। इस वर्ष की रेलवे स्टेशन पर चल रही जल सेवा के आयोजक राधेश्याम साहू ओम प्रकाश साहू एवं घनश्याम साहू सेऊ वाले साहू परिवार की ओर से आयोजित किया जा रहा है एवं अगले वर्ष 2026 की जल सेवा के लिए सहयोगी ओम हार्डवेयर परिवार रहेगा एवं 2027 की जल सेवा के लिए पूर्व विधायक स्वर्गीय फूलचंद वर्मा, स्वर्गीय सुदामा वर्मा परिवार की ओर से जल सेवा का कार्य आयोजित किया जावेगा। रेलवे स्टेशन पर 2024 के जल सेवा के आयोजक शाह मशीनरी परिवार से शांतिलाल शाह का शाल श्री फल भेंटकर सम्मान किया गया एवं इस वर्ष 2025 की जल सेवा के लिए शिक्षक राधेश्याम साहू सेऊ वाले परिवारजन का शाल श्रीफल एवं मिष्ठान भेंटकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन नागरिक सेवा समिति के सचिव सुरेश तनवानी ने किया एवं आभार श्वेतांबर समाज के सचिव विनोद भाई शाह ने व्यक्त किया। जल सेवा के व्यवस्थापक नान जी भाई शाह और योगेश भाई शाह तनमयता से निरंतर जल सेवा को गति दे रहे हैं पिछले वर्ष ठंडे पानी की मशीन लगाकर रेल यात्रियों को ठंडा जल पिलाने का संकल्प लिया था, वह पूरा होकर आज सभी यात्रियों को पानी की ठंडी बोतलें भर कर अपने सहयोगियों के साथ सेवा कार्य में लगे हुए हैं।

इस मौके पर नान जी भाई ,योगेश शाह ,गोविंद खंडेलवाल ,सुरेश तनवानी ,महेंद्र सिंह सूर्यवंशी ,विनीत अरोरा ,दयाशंकर जायसवाल, रेलवे विभाग से हेमंत राय, पुलिस विभाग से जितेंद्र दांगी, रामगोपाल गुप्ता ,अशोक वर्मा ,पीयूष शाह ,अमित जैन, दिव्य शाह, के पी तिवारी हंसराज माथुर, नेतराम मिश्रा, रमेश रैकवार, जाटव साहब, आर सी राठौर ,सुरेश चंद जैन, उधम सिंह यादव ,देवी लाल कुशवाह ,रामनारायण तामेश्वरी ,शिवचरन सेन ग्रुप सहित सेवा भावी लोग उपस्थित थे।

गुड़ी पड़वा का पर्व है भैया, गुडी गांठ तो खोलो भैया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

भारतीय परंपरा एवं संस्कृति का संवाहक एवं प्रकृति तथा पर्यावरण से जोड़ने वाला त्योहार नव संवत्सर गुड़ी पड़वा के पावन पुनीत अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार अशोक साहब पेंटर के निवास पर काव्य गोष्ठी का आयोजन साहित्यकार संघ एवं सृजन परिदृश्य के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह द्वारा की गई एवं संचालन चंद्र कुमार तारण संपादक सृजन परिषद द्वारा किया गया। ज्ञान बुद्धि विवेक प्रदान करने वाली मां सरस्वती एवं श्रमण संस्कृति के 24 वे तीर्थंकर महावीर स्वामी की मूर्तियां के समक्ष दीप प्रज्वलन कर चंदन रोली अक्षत से तिलक कर बारंबार नमन वंदन कर पुष्प माल अर्पित की गई। सामाजिक समरसता के इस आनंद उत्सव में शामिल सभी समाजों के सुधि श्रोताओं को नमन वंदन एवं अभिनंदन करते हुए चंद्र कुमार तारण संपादक सृजन परिदृश्य ने कहा कि नव संवत्सर नव संवत्सर वर्ष प्रतिपदा गुड़ी पड़वा का पर्व है भैया गुडी गांठ तो खोलो भैया, जहर न घोलो करय ना बोलो भैया, प्रेम पाग तो बांधो भैया ,मध्य रात्रि तक चले इस गरिमामय आयोजन में कवियों एवं नवोदित युवा कवियत्रियों ने सभी का मन मोह लिया। अपने अपने गीत, गजल, कविता, दोहा, सोरठा की समस्त विधाओं में काव्य पाठ किया गया। इस गोष्ठी में शिखा रघुवंशी, संगम रघुवंशी, प्रगति यादव एवं अंशिका राजा बुंदेला, दीपिका जैन सहित ज्ञानचंद अज्ञान, जय कुमार शीतल, ऋषभ बिंदास ,प्रोफेसर ऋषभ कुमार, राकेश जैन विद्युत ,चंद्र कुमार तरण ,अशोक शाह पेंटर, केशव मैकेनिक, भारत सराठे ,कमलेश सोनी ,निहाल सिंह पंथी ,कमलेश बंसल ,मुन्नालाल शास्त्री,अशोक जैन गीतकार , गीतकार राजेश नेमा, बाबू भाई पिगले ,मिशा आकाश ,ध्रुव शर्म,ा कमलेश बंसल ,ओपी प्रजापति, आशीष दुबे, निलेश चतुर्वेदी ,मेहताब ठाकुर, कमल ओसवाल, शांति प्रकाश ओसवाल, विनोद शाह ,सुभाष शाह ,संजय नेता, राम जी गोसर ,प्रवीण गोसर, मनोज गुप्ता, रेनू सुहाने, शिक्षाविद डॉक्टर रमेश शर्मा आदि ने नव संवत्सर के महापर्व को यादगार बना दिया।

खबर संक्षेप

स्वागत समारोह में शामिल हुए राज्यसभा सांसद नवीन जैन

सिरोंज। युवा भाजपा नेता पंकज पाठक एवं युवा मोर्चा महानगर उपाध्यक्ष ललित शर्मा द्वारा सिकंदरा के.के नगर में आयोजित नवनिर्वाचित महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता के स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि रूप में राज्य सभा सांसद नवीन जैन उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होने नवनियुक्ति महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता को बधाई दी। इस मौके पर सुमित कुमार,दीप विनायक पटेल,नरेश शर्मा,पूर्व पार्षद अमित अग्रवाल ग्वाला,निशांत प्रजापति सहित अन्य युवा साथी मौजूद रहें।

एकता समिति ने हर्ष उल्लास के साथ मनाई ईद

सागर। एकता समिति गुजराती बाजार स्थित कार्यालय में समिति संस्थापक अब्दुल रशीद भाई को ईद उल, फितर के शुभ अवसर पर गले मिलकर मुबारकबाद दी। रशीद भाई ने सभी को स्वादिष्ट सेवईया खिलाकर,मुंह मीठा कराया। समिति सचिव कमलचंद जैन ने कहा कि समिति का मूल संदेश सारे धरमों के त्यौहार मिलजुलकर मनाती आ रही है । जिससे एकता भाईचारा सद्भाव प्रेम की भावना जागृत होती है जिससे हमारा देश मजबूत बनता है। इस अवसर पर शरद गुप्ता, संजय शास्त्री, राजकुमार पढ़ेले, चंपक भाई, अजीत जैन, प्रमोद पटेल, अरुण जैन, प्रदीप समैया, निलेश समैया, नीरज सेठ, प्रभात जैन, राकेश बजाज, विनीत जैन, गैस प्रमोद चौरसिया, सोहेल भाई, सुधीर जैन, सतीश खत्री, राकेश गोयल, नरेंद्र जैन, सुशील जैन, निजाम भाई जान, विनीत जैन तालेवाले, डॉक्टर अरुण सराफ, सुभाष सराफ, डॉ डी,के पीपल, पंकज तिवारी, राजेंद्र मलैया, रमेश राजपूत, चरणजीत टुटेजा, राजेश मिश्रा एड, राजेंद्र सोनी मामा, केसर भाई मुन्ना भाई जान, उपस्थित,थे। अंत में रशीद भाई ने आभार व्यक्त किया।

प्रवेश उत्सव में सभी शालाओं में शत प्रतिशत कराएं विद्यार्थियों के प्रवेश

सागर। कलेक्टर संदीप जी आर ने प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में सभी शालाओं में शत प्रतिशत विद्यार्थियों के प्रवेश कराने एवं शासन के निर्देशों का पालन कर स्कूल चलें अभियान का शुभारंभ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी अभिभावकों से आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कर प्रवेश प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए कहा है। कलेक्टर संदीप जी आर ने समस्त विद्यालयों के प्राचार्य सहित स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 1 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले नवीन सत्र के के शुभारंभ पर सभी स्कूलों में प्रवेश उत्सव आयोजित किया जाएं। जिसमें जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति भी सुनिश्चित की जावे। उन्होंने समस्त अभिभावकों, विद्यार्थियों से अपील भी की है कि वह प्रवेश संस्था में बढ़-चढ़कर भाग लें और स्कूल के द्वारा मांगे जाने वाले सभी दस्तावेजों की छाया प्रति उपलब्ध कराएं जिससे बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जा सके। उन्होंने कहा कि सभी दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराने से उनके सभी कार्य समय पर होंगे जैसे कि छात्रवृत्ति, गणवेश, निशुल्क साइकिल वितरण, पाठ्य पुस्तक वितरण, स्कूटी, लैपटॉप वितरण सहित शासन की अन्य योजनाओं का लाभ भी विद्यार्थियों को समय पर मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि सभी अभिभावक अपने-अपने बच्चों के बैंक खाते भी अपडेट करके रखें जिससे उनके बैंक खाते में स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा जारी योजनाओं की राशि हस्तांतरित की जा सके।

आंगनबाड़ी केंदों पर मिल रहा है प्रोटीन युक्त भोजन

सागर। कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देश पर जिले की 2633 आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषणयुक्त भोजन वितरित करने के निर्देश दिए गए थे। इसी परिप्रेक्ष्य में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रतिदिन मेन्यू के हिसाब से रोटी सहित अन्य भोजन आंगनवाड़ी में अध्ययनरत बच्चों को प्रदान किया जाने लगा है।

हिन्दू-मुस्लिम भाईयों ने आपस में गले मिलकर ईद की खुशियां बांटी

हर्ष उल्लास व उत्साह के साथ मनाई ईद, अमन-चैन की मांगी दुआ

ईदी पाकर बच्चों के चहरों पर देखी गई खुशी, नन्हे मुन्हे बच्चों ने परिजनों के साथ ईदगाह पर पहुंचकर पढ़ी नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरोंज

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ईद-उल-फितर का पर्व बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। रविवार देर शाम आसमान में चांद नजर आते ही लोगों ने खुदा का शुक्र अदा किया। पवित्र रमजान में एक माह तक इबादत करने के बाद सोमवार को ईद-उल-फितर मनाई गई। इस अवसर पर इमाम नूर उद्दीन साहब ने सुबह 7:15 बजें ईदगाह पर ईद की नमाज अदा कराई की गई। वही उन्होने सभी को ईद की मुबारकबाद देते हुए देश में अमन-शांति बनाए रखने की दुआ की है। उन्होंने बताया कि ईद-उल-फितर को मीठी ईद भी कहते हैं। ईद का मतलब होता है खुशी, हर्ष,उल्लास और फितर एक तरह के दान को कहते हैं। इस तरह ईद-उल-फितर का मतलब है दान से मिलने वाली खुशी होती है। इस दिन त्योहार की खुशी दूध और सूखे मेवों से बनी मीठी सेवइयों के साथ मनाते हैं। यह पर्व लोगों के बीच प्रेम और भाईचारे का प्रतीक रहा है। ईद के मौके पर छोटे बच्चे ईदी पाने के लिए इस त्योहार का बेसब्री से इंतजार करते हैं। पूरे एक महीने के रोजे रखने के बाद ईद आती है। जब ईद के चांद का दीदार पूरी दुनिया में होता है तो रोजा रखना मुकम्मल होता है। ईद इस्लाम के सबसे खास त्योहारों में से एक है। ईद के दिन बंदे न केवल अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं,बल्कि वे अपने और अपने करीबी लोगों के लिए अल्लाह से दुआ भी करते हैं। ईद-उल-फितर के त्योहार पर एक दूसरे को गले मिलकर प्यार दिया जाता है।

एक-दूसरे को गले मिलकर दी ईद की बधाई

हर चेहरे पर खुशियां, गले मिलकर एक-दूसरे को मुबारकबाद देने की होड़ यह सारा दृश्य ईद की खुशियों की गवाही दे रहा था। सोमवार की सुबह ईदगाह पर ईद की विशेष नमाज अदा की गई। वही लगभग 5 हजार लोगो ने ईदगाह पर ईद की नमाज अदा की। नमाज के बाद हिन्दू मुस्लिम भाईयो ने आपस में गले मिलकर लोगों ने ईद की खुशियां बांटी। ईद की खुशियों में सेवइयों की मिठास भी घुली रही। पर्व की खुशियों में हर वर्ग के लोग शामिल हुए। रमजान महा के रोजों के बाद ईद का पर्व बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ईदगाह पर सभी राजनैतिक पार्टी भाजपा एवं कांग्रेस के नेता भी पहुंचे। जिन्होने मुस्लिम भाईयों को ईद की बधाई दी। इस अवसर पर मुस्लिम त्यौहार कमेटी जिला अध्यक्ष अल्ताफ खान,वरिष्ठ भाजपा नेता व पार्षद प्रतिनिधि तोषमणी पंथी,केश शिल्पी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विनोदन सेन,डॉ सुब्हान गौरी,नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इरशाद गौरी,वरिष्ठ पत्रकार नसीम खान,वसीम अख्तर,पत्रकार जफर उल्लाह खान,अब्दुल अलीम,सलमान आमीन,रजी खान,कासिम खान,शेखू खान,तबरेज आलम आदि मौजूद रहें।

हमेशा इंसानियत की भलाई के लिए करें काम

मुस्लिम समाज का सबसे बड़ा त्यौहार ईदुल फितर जिसे मीठी ईद कहा जाता है। पूरे एक माह के रोजे रखने के बाद यह ईद का त्यौहार मनाया जाता है। जिसमें अत्यधिक खुशी बच्चो को होती है। ईद की नमाज से पहले ईदगाह पर बयान करते हुए मुफ्ती हफीज अहमद ने बताया कि हम जैसे पूरे एक माह बुरे कामों से बचे और सही समय पर नमाज पढ़ी रोजा रखा ऐसे ही हमे पूरे साल अच्छे काम करना है। बुरे कामों से बचना है अच्छे काम इंसानियत की भलाई के लिए काम करना है। ईदगाह पर ईद की नमाज इमाम नूर उद्दीन साहब ने पढ़ाई तो वही ईदगाह पर हजारों की तादाद में मुस्लिम समुदाय ने ईद की नमाज अदा की। इमाम साहब ने खुतबा पड़ा उसके बाद सामूहिक दुआ कराई गई। जिसमें इमाम साहब ने पूरी दुनिया के अमन अमान के लिए दुआ कराई जिसमें उपस्थित मुस्लिम समुदाय ने आमीन कहा।

जामा मस्जिद सहित शहर की अन्य मस्जिदों में अदा की गई ईद की नमाज

जामा मस्जिद मे ईद की नमाज 7:30 बजे हाफ़िज मुईन उद्दीन ने पढ़ाई। जिसमें सैकड़ों की तादाद मे मुस्लिम समुदाय ने नमाज अदा की। इसके बाद 7:45 बजे बिलाल मसजिद,ताज मस्जिद मे 8 बजे,मस्जिद कामनगिरान मे 8:15 पर ईद की विशेष नमाज अदा की गई। नमाज के बाद दुआ हुई उसके बाद सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी।

शासन प्रशासन का ईदगाह कमेटी ने माना आभार

ईदगाह कमेटी के प्रबंधक डॉक्टर वसीम ने ईदुल फितर की नमाज के बाद नगर पालिका प्रशासन,पुलिस प्रशासन आदि के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। तो वही ईदगाह पर साफ सफाई, टेंट की अच्छी व्यवस्था करने के लिए नगर पालिका प्रशासन का भी आभार व्यक्त कर सभी को ईद की मुबारकबाद दी।

अलर्ट रहा पुलिस प्रशासन

ईद के मौके पर नगर में पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर रहा है। ईदगाह पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। इसके अलावा बाजार मे भी पुलिस के जवान तैनात रहे। साथ ही कुछ पुलिस की टुकड़ियां लगातार बाजार व गलियों में भ्रमण कर रही थी। ईदगाह पर तहसीलदार संजय चौरसिया,एसडीओपी उमेश तिवारी,थाना प्रभारी संदीप पवार,नगर पालिका सीएमओ राम प्रकाश साहू,नपा स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना पूरे दल-बल के साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होने लोगों को गले मिलकर ईद की बधाई दी।

30 जून तक चलेगा अभियान

जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ, कलश यात्रा निकाली

सिरोंज। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था प्याराखेडी जय मां जन सेवा समिति सेक्टर पथरिया द्वारा ग्राम प्याराखेड़ी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सर्वप्रथम ग्राम प्याराखेडी में जल संवर्धन के संबध में बैठक आयोजित कर कलश यात्रा एवं रैली निकाली गई। रैली में जल संवर्धन के संबंध में नारे लिखे तख्तियां हाथों में लिए ग्रामीण चल रहे थे। तो वही रैली के आगे बच्चियां हाथों में कलश लिए चल रही थी। इस अवसर पर नवांकुर संस्था के प्रमुख देवेन्द्र विश्वकर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से शुरू होकर 30 जून तक चलेगा। इस अभियान अंतर्गत प्राचीन कुआं,बाबडी की साफ सफाई कर उनका संरक्षण करना हम सबकी जिम्मेदारी है। वहीं शिक्षक बब्लू लोधी के द्वारा बताया गया कि हमे कही भी पानी व्यर्थ बर्बाद नहीं करना चाहिए। ये हम सबकी जिम्मेदारी भी है। वहीं प्रस्फुटन समिति से उमेद सिंह ने कहा कि जल संवर्धन अभियान का मैन उद्देश्य जल का संरक्षण करना है। इस मौके पर शेर सिंह, बब्लू लोधी, लोकेश लोधी, सोहन लोधी, राजकुमार, उमेद सिंह, शिवकांत, नरेश, श्री राम अहिरवार, नारायण प्रजापति, सतीष, अमित, राहुल, छोटू आदि लोग मौजूद रहें।

सर्व ब्राह्मण महिला पंचायत द्वारा निकाली गई चुनरी यात्रा

सिरोंज। सर्व ब्राह्मण महिला पंचायत सिरोंज द्वारा विशाल चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया। चुनरी यात्रा नगर के छत्री नाका स्थित श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई। जो कि नगर के मुख्य मार्ग कष्टम पथ,कठाली बाजार,सराफा बाजार,कपडा बाजार,चांदनी चौक,सिनेमा चौराहा,कोट गेट,पुराना बस स्टेण्ड,तहसील रोड होते हुए महामाई माता मंदिर पहुची। इस अवसर पर चुनरी यात्रा में डीजे पर भज रहें माता रानी के भजनों पर महिलाएं व युवतिया भजनों पर आंनदित होते हुए डांगवाली माता मंदिर पहुची। नगर के मुख्य चौक-चौराहो पर नगरवासियो ने चुनरी यात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। तो वही महामाई माता की पूजन आरती कर प्रसाद वितरण और सुहाग सामग्री वितरण के पश्चात चुनरी यात्रा पूर्ण हुई।

ईद के अवसर पर अपना घर आश्रम में बांटी मीठी सेवइयां

विदिशा। अपना घर आश्रम विट्ठल नगर में ईद उल फितर ईद के अवसर पर ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के सदस्यों द्वारा आश्रम के लगभग 125 प्रभुजनों को विशेष भोजन प्रसादी बांटी। जिसमें मुख्य रूप से मीठी सेवइयां परोसी गईं। आश्रम के प्रवक्ता सोहेल अहमद बबलू ने बताया कि विट्ठल नगर के इस आश्रम में असहाय, लावारिस ,अनाथ, मंदबुद्धि बीमार प्रभुजनों को रखा जाता है। सेवा उपचार के पश्चात उन्हें स्वस्थ होने पर अपने परिजनों से मिलाया जाता है। आश्रम म में आज दोपहर भोजन के समय मौलाना इमाम एवं शहर काजी अपनी टीम के साथ आए और प्रभुजनों को भोजन के पहले रमजान माह का महत्व बताया और सभी को ईद की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आश्रम के संस्थापक सेठ विट्ठल दास डांगरा अध्यक्ष डॉक्टर जीके माहेश्वरी, सचिव जीएस चौहान, प्रवक्ता सोहेल अहमद बबलू एवं मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिक, शहर काजी सैयद साजिद अली, जामा मस्जिद के पैसे इमाम मोरवी रक़ीब साहब, अब्दुल रहमान, फारूकी स्माइल, शाह अकील अहमद, अयूब खान, आसिफ पटेल, टीपू पठान, नवाज चौधरी डॉ.तौसीब शाह, इंजी. तोफीक,इंजी. तौहीद मोहम्मद ,कैफ अफ़ज़ल ख़ान, ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला अध्यक्ष बबलू एवं समस्त ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। आश्रम के सेवा साथियों द्वारा सभी को आश्रम की गतिविधियों से अवगत करवाया। शहर काजी एवं इमाम साहब का आश्रम परिवार ने स्वागत किया।

मप्र राज्य कर्मचारी संघ को विधायक ने दिए एक लाख रुपए

जिला अधिवेशन हुआ: ईश्वर जिलाध्यक्ष जगदीश सचिव, शंभू दयाल कोषाध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

मप्र राज्य कर्मचारी संघ का जिला अधिवेशन कुरवाई में आयोजित किया गया। जिसमें बोलते हुए क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह सप्रे ने कहा कि हमारे विचार और परिवार के आप जैसे संगठनों के कारण आज मैं विधायक हूं। आपके योगदान का मुझे अहसास है।

राज्य कर्मचारी संघ की देश के निर्माण में अहम भूमिका है । उन्होंने मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का जिले में कार्यालय आवंटित कराने का आश्वासन दिया। संघ के लिए इन्होंने एक लाख रुपए भी देने की घोषणा की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी ने कहा कि राज्य कर्मचारी संघ हमारे परिवार का ही अंग है। कर्मचारियों के बिना सरकारी योजना का क्रियान्वयन संभव नहीं है। जिसे भी दायित्व मिले समर्पण भाव से काम करना चाहिए। अधिवेशन में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का जिला कार्यकारणी का निर्वाचन हुआ। जिसमें ईश्वर प्रसाद शर्मा नटेरन जिलाध्यक्ष, भगत सिंह राजावत विदिशा कार्यकारी जिलाध्यक्ष, जगदीश कुमार श्रीवास्तव पठारी जिला सचिव, शंभू दयाल विश्वकर्मा बासौदा जिला कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए । राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.अनिल भार्गव ने अधिवेशन के द्वितीय सत्र में जिले की सभी तहसील एवं विकास खंड से आए पदाधिकारियों से पैनल मांगी। निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद एकमत होकर मिली पैनल के आधार पर निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की। निवर्तमान जिलाध्यक्ष परसराम दुबे ने अपने स्वागत भाषण में पिछले कार्यकाल की गतिविधियों का उल्लेख किया।

सुखी रहने का मूल मंत्र, दृष्टि गुणग्राही होना चाहिए : कथा व्यास आशीर्वाद महाराज

रहली। आनंद नगर में यादव परिवार द्वारा आयोजित श्री मद्भागवत कथा के सातवें दिवस सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए कथा व्यास आशीर्वाद महाराज ने बताया कि मित्रता का धर्म कैसा होता हे और इसे कैसे निभाया जाता, यह हमे भगवान श्रीकृष्ण जी ने सिखाया है। लेने वाले को पता नहीं चलना चाहिए कि किसने दिया है।श्री कृष्ण ने सुदामा को भी नहीं बताया कि उन्होंने त्रिलोक की संपदा तीन मुट्ठी चावल में प्रदान कर दी।आज छोटी छोटी मदद को भी लोग सोशल मीडिया पर फोटो डालकर उसका भी श्रेय लेते है ऐसे दान और मदद का पुण्य फल नहीं मिलता जिसका प्रचार किया गया हो।अरे कहा तो यह भी जाता है कि दाहिने हाथ से दिया दान बाएं हाथ को भी पता नहीं चलना चाहिए। कथा व्यास ने बताया कि संसार में सुखी रहना है तो दृष्टि गुणग्राही होनी चाहिए,जहां जहां भी दृष्टि जाए हमे वहां से सिर्फ गुण ग्रहण करना चाहिए। इस अवसर पर भगवानदास यादव, पूर्व नपा अध्यक्ष सौरभ हजारी, मिथिलेश पटेरिया, भरत ठाकुर इमलिया, शिक्षक सलामत खान, गोविंद ठाकुर, संतोष जैन, यजमान सुधीर यादव, सुशील, अमित यादव सहित अनेक श्रोता उपस्थित रहे।

मगधम रिसॉर्ट में किया संध्या कमल सिलाकारी की रीजन कॉन्फ्रेंस रिद्धिमान का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

द इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 2 रीजन 8 की रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन संध्या कमल सिलाकारी की रीजन कॉन्फ्रेंस रिद्धिमान का सफल आयोजन मगधम रिसॉर्ट में किया गया।

कार्यक्रम की सचिव डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर ऋतु देवलिया ने बताया कि कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट के 16 क्लब्स शामिल हुए। करीब 400 सदस्यों ने हिस्सा लिया। जिसमें वैदिकी स्मारिका का विमोचन अतिथियों द्वारा हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता इंटरनेशनल डायरेक्टर एवं मोटिवेशनल स्पीकर एमजेएफ पंकज मेहता मुंबई से पधारे पिपरिया से डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन मनीष शाह डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला एवं सेक्रेटरी एमजेएफ उर्वशी शाह के साथ पधारे। प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रवीण वशिष्ठ एवं गवर्नर लायन महेश मालवीय अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में पधारे। जिला सेक्रेटरी लायन शरद द्विवेदी एवं कोषाध्यक्ष लायन अशोक तोषनीवाल एवं डिस्ट्रिक्ट के वरिष्ठ लायन एवं पीडीजी अनिल झा रहे। रीजन कॉन्फ्रेंस रिद्धिमान के संयोजक पूर्व गवर्नर लायन अतुलरतन शी शाह, सहसंयोजक सी एल गोयल, मुदित बंसल रहे। कार्यक्रम के सूत्रधार लायन डॉक्टर स्वप्निल जैन, लायन शालिनी भार्गव रहीं। मुख्य अतिथि का जीवन परिचय शीतल सिलाकारी ने दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया कार्यक्रम की शुरुआत में आराध्या आरोही के द्वारा गणेश वंदना की गई। ध्वज वंदना राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम शुरू हुई, संध्या सिलाकारी ने मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन पंकज मेहता का स्वागत किया एवं सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। न्यू वॉइस कोऑर्डिनेटर लायन रितु देवलीया ने संध्या सिलाकारी का जीवन परिचय अपनी शैली में दिया।

केक काटकर मनाया झूलेलाल साईं का जन्मोत्सव

सागर। जय माता दी झूलेलाल शरण मंडली के संस्थापक लालाराम मेठवानी की ओर से चेटीचण्ड पर सिंधी कॉलोनी झूलेलाल मंदिर में सभी मंडली के सदस्यों व समाज जनों की उपस्थिति में केक काटकर भगवान झूलेलाल साईं का जन्मोत्सव मनाया । सर्वप्रथम लाल साई जी की आरती विजय लालवानी के मधुर स्वर से की गयी और मण्डली के महिला मंडल अध्यक्ष दिया राजपूत अपनी टीम मातृ शक्ति के साथ आयोलाल झूलेलाल की धुनि लगाकर झूलेलाल साई का केक काटकर जन्मोत्सव मनाया । इस मौके पर ट्रस्ट अध्यक्ष सुशील लहरवानी, महिला मंडल अध्यक्ष दिया राजपूत, लालाराम मेठवानी, मंडली अध्यक्ष सुरेश मोहनानी, राजेश मनवानी, विजय लालवानी, विन्नू आहूजा, सोनू जेसवानी, अजय पंजवानी, मोनिका मेठवानी, रैना गोकलानी, मानसी दरयानी, दीपा मोटवानी, मोना जुगवानी, साक्षी हसरेजा, वर्षा हासानी, सनाया नागवानी, कनक लोटवानी, दीक्षा मेठवानी, काजल रोहरा, नीतू बजाज, ममता तलरेजा,वंदना लालवानी, कंचन जसवानी, पूनम लालवानी, प्रियंका मनवानी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थीं।

खबर संक्षेप

धर्मस्य यज्ञ का हुआ भूमि पूजन,13 से भागवत कथा

बाड़ी। नर्मदा प्रदूषण मुक्ति आंदोलन के पंचम अधिवेशन पर आयोजित ग्राम मनकापुर में धर्मस्य महाकुंभ का आगाज की गूंज ग्रामीण अंचल में सुनाई देने लगी बड़े स्तर पर आयोजित धर्मस्य अधिकारी स्वामी श्री महेंद्रनन्द जी महाराज सचेतक के रूप में धर्म सभा में रहेंगे। अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक डॉ. श्याम सुंदर पाराशर वृंदावन के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान ग्रहण करेंगे। धर्मस्य यज्ञ का आज भूमि पूजन किया। इस अवसर पर भारी संख्या में लोग आयोजन समिति ने धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 13 अप्रैल से 19 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत कथा समय 3 बजे से 6 बजे तक महायज्ञ प्रातः 8 बजे से 11 तक आयोजित किया जाएगा।

नौनिहालों का शील्ड देकर किया सम्मान

सिलवानी। कक्षा 5 तथा 8 के परीक्षा परिणाम घोषित होने के साथ ही स्कूली नौनिहालों के चेहरो पर चमक देखी जा रही है। नगर के दा संस्कार वैरी स्कूल का घोषित परीक्षा परिणाम शत प्रतिषत रहा। यहां पर कक्षा 5 में 65 तथा 8 में 54 छात्रों ने सफलता हासिल की। बेहतर परीक्षा परिणाम आने पर स्कूल संचालको ने एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया तथा अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को शील्ड प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक तथा शिक्षक व स्कूल स्टाप मौजूद रहें।

झंडा यात्रा निकाल कर किया भूमि पूजन

बाड़ी। आगामी 27 अप्रैल से श्री सहस्त्र चंडी महायज्ञ एवं राम कथा शुरू होने जा रही, जिसकी यज्ञ शाला के लिए भूमिपूजन किया। सोमवार को बालाजी मंदिर से भव्य जुलूस के रूप में यात्रा निकाली गई, जिसका जगह जगह भक्तों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जो नगर मुख्य मार्ग से होकर हिंगलाज मंदिर में माता को झंडा अर्पण कर यज्ञ शाला के लिए भूमि पूजन किया। यह यज्ञ 27 अप्रैल से होगा और 4 मई को समापन होगा। इसमें प्रतिदिन 2 बजे से 5 बजे तक रामकथा होगी हर दिन रात्रि 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसमें रामस्वरूपाचार्य महाराज चित्रकूट, धीरेन्द्राचार्य महाराज चित्रकूट, डा. प्रेमाचार्य महाराज काशी, श्री महामंडलेश्वर अनिलानंद महाराज, दीनबंधु दास महाराज दिल्ली एवं बाबा महाकाल महाराज के मुखारविंद से राम कथा सुनने को मिलेंगी।

उत्कृष्ट स्कूल में होगा प्रवेशोत्सव का मुख्य आयोजन, शामिल होंगे प्रभारी मंत्री

प्रवेशोत्सवः बच्चों का तिलक लगाकर करेंगे स्वागत, किताबें करेंगे वितरित

सरकारी स्कूलों में नया शिक्षण सत्र आज से प्रारंभ होगा। प्राइवेट स्कूल भी इसी दिन से खुलना प्रारंभ होंगे। हर बार की तरह इस बार भी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए प्रवेश उत्सव मनेगा। बच्चों को तिलक लगाकर प्रवेश दिया जाएगा तथा निशुल्क किताबें वितरण की जाएगी तथा बाल सभा का आयोजन किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

आज से शुरू हो रहे नए शिक्षा सत्र की तैयारियां स्कूलों में पूरी हो गई हैं। आज स्कूलों में प्रवेश लेने वाले बच्चों के स्वागत का दिन है, पहले दिन स्कूल आने वाले बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा।

प्रवेशोत्सव को उत्सवी रूप देने स्कूलों को सजाया गया है, रंग रोगन कर तैयार किया गया है। पहले दिन ही बच्चों को निशुल्क पुस्तकों का वितरण किया जाएगा।

प्रवेशोत्सव का जिला स्तरीय आयोजन जिला मुख्यालय पर स्थित शासकीय उत्कृष्ट स्कूल में किया जाएगा, जिसमें जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार शामिल होंगे। आयोजन को लेकर स्कूल में व्यापक तैयारियां की गई हैं। अपने लिए लक्ष्य तय कर शिक्षक और विभाग के अधिकारी संकल्प के साथ नए सत्र का स्वागत करेंगे।

ये होंगे आयोजन

आज स्कूलों में नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों द्वारा बच्चों को निशुल्क पुस्तकों का वितरण किया जाएगा। विभाग ने प्रवेशोत्सव में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, बच्चों के पालकों को आमंत्रित करने के निर्देश दिए हैं। बच्चों के बीच खेल कूंद के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बच्चों को माध्यांह भोजन भी वितरण किया जाएगा।

जिले के 1482 स्कूलों में आज मनेगा प्रवेशोत्सव

इस बार शासकीय स्कूलों को निजी स्कूलों के मुकाबले लक्ष्यों को प्राप्त करना चुनौती भरा रहता है। स्कूलों में शिक्षकों की कमी और व्यवस्थाओं से जूझते हुए अच्छे परिणाम की उम्मीद लगाते हुए नए सत्र का स्वागत करेंगे। जिले में 1339 प्राथमिक और 143 माध्यमिक स्कूल हैं, जिनमें प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। सोमवार को ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता रैली निकाली, जिनमें शामिल बच्चों ने पालकों को अपने बच्चों को स्कूल में दाखिला कराने के लिए प्रेरित किया।

तैयारियों पूर्ण की गई

आज जिले के सभी स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। जनप्रतिनिधियों और पालकों की उपस्थिति में कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जहां पुस्तकें पहुंच गई हैं, वहां बच्चों को वितरित की जाएंगी। प्रवेशोत्सव को लेकर तैयारियां पूरी हो गई हैं।

- पीके रैकवार, डीपीसी रायसेन।

हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में भजन संध्या आयोजित

राष्ट्रभक्ति गीतों पर जमकर झूमे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

उदयपुरा बरेली विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश के स्वा. परिवार कल्याण चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के नाहर कालौनी स्थित निवास पर हिन्दू नववर्ष विक्रम सवंत 2082 के प्रथम दिन धार्मिक भजन संध्या का आयोजन किया। जिसमें विधानसभा क्षेत्र के नगरों गांवो एवं नगर से भारी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ताओं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

भोपाल से आए गायक एवं सजीव झांकी लगाने वाले कलाकारों द्वारा सुमधुर भजनो की प्रस्तुतियां दी गई। भजन संध्या का भाजपा के वरिष्ठ नेता, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष शिवाजी पटेल, अभिज्ञान नरेन्द्र पटेल ने मातारानी की विशेष पूजन के साथ शुरूआत की गई। वही राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल अपने साथी कार्यकर्ताओं के बीच बैठकर लंबे समय तक भजनो राष्ट्रीय गीतों का आनंद उठाया जाता रहा। गायक कलाकारों ने हनुमान जी, माँ काली एवं अन्य धार्मिक भजनों पर कलाकारों द्वारा सजीव रूप धारण कर नृत्यों की प्रस्तुतियां दी जाती रही।

शुभकामनाओं स्वागत का दौर चला

संपूर्ण क्षेत्र से आए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं ने राज्यमंत्री पटेल को हिन्दू नववर्ष की बधाई शुभकामनाएं दी जाती रही। तो राज्यमंत्री नरेन्द्र पटेल, शिवाजी पटेल, राजेन्द्र पटेल एवं परिवार की ओर से सभी का स्वागत किया जाता रहा है। एक तरफ भजन संध्या तो दूसरी ओर कार्यक्रम में आए कार्यकर्ताओं के लिए स्वरूचि भोज का आयोजन भी देर रात्रि तक नाहर कालौनी निवास पर चलता रहा।

माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने मनाया गणगौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर गणगौर की पूजा-अर्चना की। सोमवार को मुखर्जी नगर स्थित गुंजन राठी के निवास पर महिलाओं ने पति की दीर्घायु की कामना के साथ ईसर और गौरा की झांकी सजाई।

समाज की महिलाओं ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं ने गणगौर माता के गीत गाए और नृत्य किया। तोरण, वरमाला और अगवानी जैसी परंपरागत रस्मों का भी आयोजन किया। वेद पुराणों के अनुसार, 16 दिनों तक चलने वाले इस पर्व में मां पार्वती के मायके आगमन और भगवान शिव का उन्हें वापस लेने जाने की परंपरा है।

◆ सजाई झांकी, गीत गाए, आज निकलेगी शोभायात्रा

शोभायात्रा आज

गणगौर के दूसरे दिन माहेश्वरी समाज की महिलाओं द्वारा गणगौर को परंपरा अनुसार अपने पति का नाम लेकर पानी पिलाया जाएगा तथा शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें महिलाएं गणगौर को अपने सिर पर रखकर मुखर्जी नगर से होते हुए मिश्र तालाब तक जाएगी। शोभायात्रा में बैंड, बाजे, ढोल आदि शामिल होंगे। अग्रवाल एवं माहेश्वरी समाज की महिलाएं नाचती गाती शामिल होगीं।

अवैध रेत-गिट्टी का परिवहन कर रहे 4 ट्रैक्टर-ट्रालियों को किया जब्त

सिलवानी। अवैध रुप से रेत व गिट्टी का परिवहन करने वाले माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाही को लेकर प्रशासनिक अमला सड़क पर उतर आया है। इसी कड़ी में राजस्व व खनिज विभाग द्वारा की गई कार्रवाही मे रेत व गिटटी से भरे 4 ट्रेक्टर-ट्राली को जब्त किया। माईनिंग इंस्पेक्टर अर्चना ताम्रकार ने बताया कि सोमवार को अवैध रुप से रेत व गिटटी का परिवहन करने वालो के खिलाफ कार्रवाही की गई।

इस कार्रवाही में 2 रेत तथा 2 गिट्टी से भरे ट्रेक्टर-ट्राली जब्त किए। इनके पास न तो रायल्टी मिली और ना ही वाहन पर रजिस्ट्रेशन। इसके पूर्व भी बीते सप्ताह खनिज विभाग के द्वारा रेत व गिटटी के अवैध परिवहन पर कार्रवाही की जाकर ट्रेक्टर- ट्राली जब्त की गई थी।

इस पूरी कार्रवाही में एसडीएम पीसी शाक्या, जिला माईनिग अधिकारी सुमित गुप्ता, माईनिंग इंस्पेक्टर अर्चना ताम्रकार आदि मौजूद रहें।

ठाकुर, कोरी मोहल्ला में 51 खप्पड़ो के साथ मां काली की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पुरानी बस्ती के ठाकुर कोरी मोहल्ला में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 51 खप्पडो के साथ माँ काली की विशाल प्रतिमा स्थापना कर चैत्र का नवरात्रि नर्व देवी भक्तों द्वारा मनाया जा रहा है। इसी प्रकार घोघरा नदी किनारे प्राचीन बाराही माता मंदिर में भी 51 खप्पडो में ज्वारें बोकर नवरात्रि पर्व उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। कोरी ठाकुर मोहल्ला में माँ काली की स्थापना से पूर्व महाकाल समिति द्वारा नगर में प्रतिमा के साथ धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। स्थान-स्थान पर स्वागत पूजन, देवी भक्तों द्वारा किया जाता रहा।

माँ दुर्गा की आराधना, भक्ति में पुरूषों से अधिक महिलाए सक्रिय है। मंदिरो में मातारानी के जस, धार्मिक भजनों के गायन का सिलसिला शुरू हो गया है। खेरापति माता मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरो में भजनों के गायन के लिए महिलाओं की मंडलियां सक्रिय बनी हुई है।

रक्तदान सबसे पुनीत कार्य : डॉ रवि

रक्तदान शिविर में नगर के 10 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें सलामतपुर सहित सांची नगर के 10 नवयुवकों ने आगे आकर रक्तदान किया। स्वास्थ्य केंद्र के मेडिकल अधिकारी और प्रभारी सांची बीएमओ डॉ रवि राठौर ने बताया कि रक्तदान करना मानव जीवन के लिए सबसे पुनीत कार्य है। लोगों को रक्तदान करते रहना चाहिए।

सांची सलामतपुर अस्पताल ब्लड बैंक में रक्तपूर्ति के लिए सबसे बड़ा वर्ग युवाओं का ही है। बीएमओ के प्रयासों के चलते रक्तदान शिविर में दस यूनिट रक्तदान हुआ। इस दौरान सांची सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ रवि राठौर ने पूरे समय मौजूद रहकर युवाओं का मनोबल बढ़ाया।

और उन्होंने स्वयं भी रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले युवकों में सरनाम पटेल, अभिशेष कुशवाहा, सचिन विश्वकर्मा, दिनेश साहू, दिनेश सिंह, मंटू कृपाल सिंह राजपूत, इंद्रजीत राजपूत, योगेंद्र राजपूत, निखिल राजपूत और डॉ रवि राठौर ने रक्तदान किया। सभी युवाओं को रक्तदान के बाद प्रमाण पत्र भी दिए गए। वहीं डॉ रवि ने कहा कि अस्पताल में रक्त की कमी न हो इसके लिए क्षेत्र में लगातार शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

आय का अतिरिक्त जरिया बना महुआ, ग्रामीण कमा लेते हैं 10 से 15 हजार रुपए

महुआ बीन कर अजीविका चला रहे सैकड़ों ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

अल सुबह से ही ग्रामीण महुआ बीनने जंगलो में निकल जाते है। रंगो के पर्व होली के समापन बाद जंगलो में लगे महुआ के पेड़ो में से महुआ गिरने आरंभ हो जाते है। जिससे एकत्रित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्र में सुबह से ही लोग जंगल पहुंच रहे हैं। जिसमें पूरा परिवार लगा हुआ है। ग्रामीणों के लिए यह अतिरिक्त आय का जरिया है। ग्रामीणों की मांग है कि सही दाम पर महुआ की खरीदी की व्यवस्था की जानी चाहिए। कई परिवार वनोपज पर ही निर्भर होना बताए जा रहे हैं।

ऐसे में महुआ, तेंदूपत्ता, चिरोंजी आदि उपज से ही आय एकत्रित की जाती है। लेकिन शासन से सही दाम नहीं मिल पाता और ग्रामीणों को नुकसान उठाना पड़ता है। बता दें कि महुआ फूल परिपक्व हो चुके हैं। इस फूल को समेटने के लिए ग्रामीण अपने परिवार के साथ सुबह से ही जंगलों व खेतों की ओर चले जाते हैं। इस दौरान सुरक्षा के लिए हाथ में लाठी व महुआ फूल रखने के लिए टोकरी साथ लेकर जाते हैं। जैसे जैसे सूर्य की प्रचंडता बढ़ती जाती है महुआ के पेड़ से फूल गिरना कम हो जाते है। जंगल और खेतों की तरफ गए ग्रामीण फूल एकत्र कर दोपहर 12 बजे तक अपने घर पहुंच जाते हैं।

पीला सोना के नाम से जाना जाता है महुआ

गर्मी का सीजन शुरू होते ही आदिवासी ग्रामीण, वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण महुआ बीनने में व्यस्त हो गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों महुआ बीनने का कार्य प्रगति पर है। लोग भोर होते ही उठकर महुआ पेड़ों के नीचे पहुंच जाते है जिससे महुआ पेड़ से गिरे हुए फूल को मवेशी ना खाएं। क्षेत्र में महुआ एक अतिरिक्त आमदनी का साधन हैए लोग कच्चा महुआ बीनकर उसे धूप में सुखाते है उसके बाद बाजार में ले जाकर विक्रय करते है यह महुआ ग्रामीणों के लिए अतिरिक्त आय का साधन है।

पशुओं के लिए पौष्टिक आहार

बताया जाता है कि महुए के फूल रसीले और मीठे होते हैं। इनको चूसने के लिए कीट पतंगों में जबरदस्त होड़ लगी रहती है। गरीब तबके के लोगों को महुआ से सालभर ईंधन के लिए जलाऊ लकड़ी मिल जाती है। इसकी छाल, फल व फूल में औषधीय गुण होने से इनका उपयोग आयुर्वेदिक उपचार में भी किया जाता है। इसकी पत्तियां व फूल पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं इसलिए ये पशुओं के लिए बेहतरीन पौष्टिक आहार होते हैं। इनको खिलाने से पशु में दूध की गुणवत्ता व मात्रा दोनों में ही बढ़त होती है। ग्रामीणों ने बताया कि दो तीन महीने तक परिवार का खर्चा चलाने के लिए महुआ मुख्य स्रोत है। महुआ बेचकर एक सीजन में 10 से 15 हजार तक कमा लेते हैं।

रमजान के 30 दिन पूरे होने के बाद धूमधाम और उत्साह से मनाया ईद त्योहार

अमन चैन की मांगी दुआ, गले मिल दी ईद की मुबारकबाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सोमवार को ईद का त्योहार बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। शहर के सांची मार्ग पर स्थित ईदगाह पर मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा ईद की नमाज अदा कर देश में अमन और चैन की दुआ मांगी।

सुबह साढ़े 7 बजे मौलाना मांज साहब ने ईदगाह पर नमाज अदा कराई। इसके बाद विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा की गई। इस दौरान सभी लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं दी।

दरगाह शरीफ पर शहर काजी जहीरुद्दीन ने नवाज पढ़ाई उन्होंने बताया कि आज रायसेन जिले में ईद का त्योहार भाईचारे और एक दूसरे के सहयोग कर मनाया जा रहा है। पूरे जिले में शांति है सभी लोग एक दूसरे का आदर करें जिले में शांति और सद्भावना के साथ हिंदू मुस्लिम त्योहार मनाए जाते हैं और आगे भी मनाए जाते रहेंगे। देश की खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई। देश में अमन चैन शांति बनी रहे।

अकीदत के साथ मनाया ईद उल फितर

बेगमगंज। ईद उल फितर का त्यौहार अकीदत के साथ मनाया गया। सुबह से ही अकीदतमंद नमाज पढ़ने ईदगाह और मस्जिदों में पहुंचे। बीना नदी के किनारे शहर की ईदगाह, बालाई टेकरी मक्का मस्जिद, और जमा मस्जिद में ईद की नमाज अदा कर देश प्रदेश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी गई। ईदगाह पर होने वाली मुख्य नमाज सुबह 7:30 बजे अदा की गई। नमाज से पहले शहर मुफ्ती असालत खां नदवी ने तकरीर में नौजवानों से कहा- कैरेक्टर और क्वालिटी पैदा करो। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड जमीयत उलेमा और फिलीस्तीन के इतिहास के बारे में जानकारी हासिल कर कोई भी फैसला लेने का आह्वान करते हुए कहा कि ऐसा ना हो की जानकारी के अभाव में आप अपने ईमान से हाथ धो बैठे।

ईद की नमाज अदाकर मांगी मुल्क में अमन तथा चैन की दुआ

दीवानगंज। आपसी भाईचारे व सामाजिक सौहार्द के माहौल में सोमवार को ईद का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाया। ईद पर सामूहिक रूप से मिल-जुलकर इबादत की, देश में अमन चैन की दुआ की। क्षेत्र के 40 गांव के मुसलमान भाइयों ने ईद की नमाज दीवानगंज के ईदगाह पर अदा कर एक दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अमन, चैन और देश में खुशहाली की दुआएं मांगी। मुस्लिम संप्रदाय के पवित्र रमजान माह का रविवार को 29 वां और आखिरी रोजा था। शाम को चांद दिखने के साथ सभी ने एक-दूसरे को चांद की बधाई दी। चांद दिखने पर रात में ही दीवानगंज में कई जगह पटाखे फोड़ कर ईद मनाने की शुभकामनाएं दी।

देश की सुख-समृद्धि के लिए उठे हजारों हाथ

सलामतपुर। कस्बे सहित पूरे जिले में सोमवार को ईद उल फित्र का त्यौहार बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया गया। ईदगाह पर सुबह 7:45 पर जामा मस्जिद के पेशे ईमाम नसीम एहमद द्वारा ईद की विशेष नमाज पढ़ाई गई। इस त्यौहार को सलामतपुर, बेरखेड़ी चौराहा, कुल्हाड़िया, सेमरा, दीवानगंज सहित पूरे जिले में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाह पर ईद की नमाज पढ़ने के बाद सभी धर्मों के लोगों के गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी। गौरतलब है कि ईद-उल-फितर (ईद-उल-फित्र) दरअसल दो शब्द हैं। 'ईद' और 'फित्र'। असल में 'ईद' के साथ 'फित्र' को जोड़े जाने का एक खास मकसद है। वह मकसद है रमजान में जरूरी की गई रुकावटों को खत्म करने का ऐलान।

ईदगाह व जामा मस्जिद में पढ़ी ईद की नमाज

सिलवानी। माहे रमजान की समाप्ति के बाद सोमवार को ईद का पर्व मुस्लिम समाज के द्वारा नगर में उमंग व उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह के समय नगर के ईदगाह व जामा मसाजिद में ईद की विशेष नमाज अदा की गई। यहां पर देश दुनिया की सुख समृद्धि की दुआ के लिए हजारो हाथ उठे। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहें। ईद की विशेष नमाज के बाद गले मिलने का सिलसिला आरंभ हुआ। गले मिल कर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। हिंदु भाईयों ने भी मुस्लिमो को गले लगा कर ईद की मुबारकबाद देते हुए शुभकामना प्रेषित की। इस मौके पर दीन, हीन, लाचार, यतीम लोगो को जकात दी गई। घरो घर सिवाईयां की मिठास महकती रही। ईद की मुबारकबाद देने घर पहुचनें वालो का सिवाईयों, मिष्ठान आदि से मुंह मीठा कराया, ईद को लेकर युवाओं के साथ बच्चो में भी उत्साह देखा गया।

नप अध्यक्ष ने नमाजियों का किया स्वागत, दी मुबारकबाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

सोमवार को ईद की नमाज अदा करने ईदगाह, जामा मस्जिद, मंडी मस्जिद सहित नगर की अन्य मस्जिदों में नमाजियों की भारी उपस्थिति रही। ईदगाह के बाहर नपं. ने नमाजियों का इत्र लगाकर स्वागत किया। एक दूसरे के गले मिल कर ईद की मुबारकबाद देने का सिलसिला चलता रहा। नपं. के अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, पार्षदों, टीआई कपिल गुप्ता, तहसीलदार रामजी लाल वर्मा, सीएमओ हरिशंकर वर्मा सहित कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

प्रातः ईदगाह में ईद की विशेष नमाज अदा की गई। अलग-अलग समय में बडा बाजार स्थित जामा मस्जिद, मंडी मस्जिद में अमन चैन की दुआ की विशेष नमाज अदा करने हजारो हाथ उठते रहे। मुस्लिम भाईयों ने एक दूसरे के गले मिल कर ईद की बधाई मुबारकबाद दी।